प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

04 अगस्त 2021

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) का समय - पूर्व मोचन - 5 और 8 अगस्त 2021 (एसजीबी 2016-17 की श्रृंखला I और एसजीबी 2016 I) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) पर भारत सरकार की दिनांक 14 जुलाई 2016 की अधिसूचना एफ.सं.4(7)-डब्ल्यू एंड एम/2016 (श्रृंखला संख्या 4 अर्थात एसजीबी 2016-17 की श्रृंखला I) और दिनांक 14 जनवरी 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 4(19)-W&M/2014 (श्रृंखला संख्या 2 अर्थात एसजीबी 2016 I) के अनुसार, इस तरह के स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख से, जिस तारीख को ब्याज देय है, उस तारीख से पांचवें वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। अतः, उपरोक्त श्रृंखलाओं के समय-पूर्व मोचन की आगामी देय तारीखें क्रमशः 5 अगस्त 2021 और 8 अगस्त 2021 होंगी। इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत समापन सोने के मूल्य पर आधारित है।

2. तदनुसार, 5 और 8 अगस्त 2021 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹4804/- (रुपये चार हजार आठ सौ चार केवल) प्रति यूनिट एसजीबी होगा जो 26-30 जुलाई 2021 सप्ताह के लिए सोने के बंद मूल्य के साधारण औसत पर आधारित होगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/637